प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कल पहली बार वाराणसी के दौरे पर आयेंगे : किसानों से संवाद करने के साथ ही जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त।
2. ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा– प्रदेश में बिजली दरें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं : सरकार बिजली दरें बढ़ाने में नहीं बल्कि कम करने में रखती है विश्वास।
3. पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा– नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदशभर में पुलिसकर्मियों को दिया जा रहा है विशेष प्रशिक्षण : महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिये किये गये है कई प्रावधान।

और

4. हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है प्रदेशभर में ईद–उल–अजहा का पर्व : राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद पहली बार कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आयेंगे। प्रधानमंत्री

**मेहंदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की किसान सम्मान निधि लगभग नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.........**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी काशी की जनता का धन्यवाद करने के लिए दो दिनों के दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचेंगे। काशी की जनता और भाजपा कार्यकर्ता अपने सांसद का भव्य स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के एयरपोर्ट पर शाम को आएंगे। वहां से मेंहदीगंज जनसभा स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री किसानों की जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं सहायता समूह की 30,000 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे।*

*चुनाव जीतने और प्रधानमंत्री पद की हैट्रिक लगाने के बाद एक बार फिर मंगलवार को वे बाबा विश्वनाथ के दरबार में शीश नवाएंगे, साथ ही दशाश्वमेध पर माँ गंगा का दर्शन–आरती में भी शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पीएम की अगवानी करने के बाद सभी कार्यक्रम में साथ रहेंगे। प्रधानमंत्री रात्रि विश्राम बरेका में करेंगे। 19 जून की सुबह वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। अकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

————————————

**प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि राज्य में बिजली की कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। लखनऊ में कल अपने आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पिछले चार वर्षो से प्रदेश में**

बिजली की कीमतें नहीं बढ़ी है, अभी भी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली दर बढ़ाने में नहीं बल्कि कम करने में विश्वास रखती है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य में 30 हजार 618 मेगावाट विद्युत की अधिकतम मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी करने वालों के साथ ही चोरी करवाने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

——————————

देशभर में एक जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदेश में पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आकाशवाणी समाचार लखनऊ से बातचीत के दौरान कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए नए आपराधिक कानून लाए जा रहे है। ये नए कानून सज़ा नहीं न्याय केंद्रित है इनमें ये सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में पारदर्शी तरीके से न्याय मिले। बाइट.........

*समय की मांग को देखते हुए इसमें बदलाव किए गए हैं। जो मुख्य कानून है उसमें पुराने सभी कानूनों को रखा गया है। कुछ नए अपराध की चीजे एड की गयी है तथा कुछ का better व्याख्यान किया गया है। अब सजा की मूल भावना सजा दिलाने की भावना नहीं है, अब न्याय देने की भावना है। हमारे जितने भी प्रशिक्षण संस्थान हैं उसमें हम लोगों ने training दी है हमारे जितने भी राजपत्रित अधिकारी है उनकी शत प्रतिशत ट्रेनिंग दे दी गयी है। हमारे जेल विभाग के सभी कर्मी प्रशिक्षित हो चुके हैं। हमारे जितने*

*भी सरकारी prosecutors हैं उनकी hundred percent training हो गयी है।*

—————————

पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस से आज एक मालगाड़ी के टकराने से तीन रेलवे अधिकारियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गये। यह दुर्घटना आज सवेरे न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन के पास हुई।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार मालगाडी, सिग्नल से आगे निकल गई और कंचनजंगा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से से टकरा गई। गाडी के पिछले हिस्से में दो पार्सल वैन और गार्ड कोच लगे थे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मृतकां के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख और मामूली रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपये दिये जायेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रेल दुर्घटना में हुई जनहानि पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

प्रदेशभर में ईद–उल–अजहा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाह और मस्जिदों मे ईद की नमाज अदा की और देश मं अमन–चैन की दुआ मांगी। राजधानी लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों अमरोहा, अलीगढ़, जौनपुर, मेरठ, अयोध्या, शाहजहांपुर, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, भदोही, पीलीभीत और वाराणसी में ईद का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। लखनऊ में प्रसिद्ध ऐशबाग ईदगाह, बड़ा इमामबाड़ा और टीले वाली मस्जिद पर ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। आगरा में ईद उल अजहा की विशेष नमाज ताजमहल, जामा मस्जिद और शाही मस्जिद में अदा की गई, जहां आगरा सहित आसपास के जिलो से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। एक रिपोर्ट..........

*आगरा में ईद–उल–अजहा पर विशेष नमाज़ ताजमहल मे सम्पन्न हुई.. ताज़महल मे ईद की नमाज़ के लिए सुबह से लोगों के पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया था..ईद की नमाज को लेकर सुबह 7 बजे से 10 बजे तक तीन घंटे के लिए ताजमहल मे निःशुल्क प्रवेश दिया गया.. ताजमहल,शाही जामा मस्जिद, ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में अमन चौन की दुआ मांगी गई और कुर्बानी के जज्बे के साथ ईद–उल–अजहा पर अल्लाह की बारगाह में लाखों सिर सजदे में झुके। नमाज़ के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बकरीद को लेकर पुलिस और पीएसी बल को तैनात कर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। आकाशवाणी समाचार, सज्जन सागर, आगरा।*

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–उल–अजहा के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि यह पर्व त्याग और बलिदान के प्रति आदर व्यक्त करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह त्यौहार सभी के लिये मिलजुल कर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाये रखने की प्रेरणा देता है। ईद–उल–अजहा के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

————————

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश मे व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस सिलसिले में प्रदेश में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत लोग योग से जुड़कर 21 जून को वृहद स्तर पर मनाने की तैयारी कर रहे हैं। जौनपुर में जिला प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। वहीं कासगंज में

योग सप्ताह में लोगों ने बड़े पैमाने पर सहभागिता की। अमरोहा में योग शिविर में भाग लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि दैनिक जीवन में योग को अपनाकर बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है।

——————————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। नये आपराधिक कानूनों में आतंकवाद से निपटने के लिये कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता और आर्थिक सुरक्षा के लिये खतरों को संबोधित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हैं।

भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 113 में सार्वजनिक सुविधाओं या निजी सम्पत्ति को बम, डायनामाइट या अन्य विस्फोटक पदार्थो से नष्ट करना अब आतंकवादी गतिविधि के तहत अपराध माना जायेगा। आतंकवादी कृत्यों के लिये कठोर दंड, मृत्यु या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। यह कानून उन कृत्यों को भी शामिल करता है, जिसके परिणामस्वरूप किसी अन्य देश में किसी भी सम्पत्ति की क्षति होती है, जिसका उपयोग भारत की रक्षा के लिये किया जाता है या भारत सरकार के कामकाज के संबंध में किया जाता है, जिससे अतंर्राष्ट्रीय आतंकवाद के वैश्विक खतरें की बात पुष्ट होती है। आपराधिक बल या किसी सार्वजनिक पदाधिकारी को

मौत के घाट उतारने का प्रयास आतंकवाद के दायरे में आता है। इस दायरे में मृत्यु, चोट, संपत्ति को नुकसान, आवश्यक आपूर्ति में व्यवधान और बहुत कुछ शामिल है।

——————————

उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। कई जनपदों में आज दोपहर का तापमन 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार दिनों लू की चेतावनी जारी करते हुए बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, वाराणसी, इटावा और हमीरपुर सहित 25 जिलों के लिये रेड अलर्ट जारी किया है।

उधर आगरा, हाथरस, मथुरा में गरज चमक के साथ बारिश और तेज हवा चलने का अनुमान भी जताया है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ0 अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में पड़ोसी राज्य बिहार में मानसून के सक्रिय होने के बाद इसके उत्तर प्रदेश में आने का अनुमान है।

——————————

गाजियाबाद एक्सप्रेस—वे पर मुरादनगर के पास आज बागपत की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने कैंटर पर पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कैंटर में सवार तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा

कैंटर में सवार अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी मृतक हरदोई के मंझिला थान कुम्हरूआ गांव के रहने वाले थे और बकरीद मनाने अपने घर जा रहे थे।

उधर, शाहजहांपुर में रामगंगा घाट पर स्नान करने गये दो युवकों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

———————————